__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date -
Class - IV
Subject - Hindi Language
Page - 1
Subject Teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

## 'समूहवाची शब्द'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'समूहवाची शब्द' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो ! यह पाठ आपको 12 दिसंबर, 2022 को भेजा जाएगा। आज हम इस पाठ में 'समूहवाची शब्द' पढ़ेंगे।

बच्चो ! जिन संज्ञा शब्दों से किसी भी व्यक्ति या वस्तु के समूह का बोध होता है, उन शब्दों को समूह वाचक या समुदायवाचक शब्द कहते हैं।

जैसे :- भीड़, मेला, सभा, कक्षा, परिवार, झुंड और मंडली आदि।

बच्चो ! आज हम कुछ समूहवाची शब्द करेंगे, जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे। सभी बच्चे इन्हें ध्यानपूर्वक लिखेंगे।

### समूहवाची शब्द

1. अनाज का – ढेर
2. ऊँटों का – कारवाँ
3. कपड़ों की – गठरी

Scanned with CamScanner

Date -  Class - IV
Subject - Hindi Language  Page - 2
Subject Teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

4. चाबियों का – गुच्छा
5. दीपकों की – पंक्ति
6. फूलों का – गुलदस्ता
7. यात्रियों का – समूह
8. शब्द भण्डार का – कोश
9. कलाकारों की – मंडली
10. लकड़ियों का – गट्ठर
11. मधुमक्खियों का – छत्ता
12. भेड़ - बकरियों का – रेवड़

बच्चो ! मैंने आपको समूहवाची शब्दों के बारे में समझा दिया है। आशा है यह आपको अच्छे से समझ आए होंगे। अब मैं आपको इसके आधार पर कुछ प्रश्न दूँगी, जिनके उत्तर आप अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न - 1. जिन शब्दों से किसी व्यक्ति या वस्तु के समूह का पता चलता है उन्हें क्या कहते हैं ?

__/__/__

Date -  Class - IV
Subject - Hindi Language  Page - 3
Subject Teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

प्रश्न-2. समूहवाची शब्दों के तीन उदाहरण लिखें।
प्रश्न-3. ऊँटों का समूहवाची शब्द लिखें।
प्रश्न-4. लकड़ियों का समूहवाची शब्द लिखें।
प्रश्न-5. गुलदस्ता शब्द किस वस्तु के समूह के लिए प्रयोग किया जाता है।

बच्चो! अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर-1. समूहवाची शब्द
उत्तर-2. भीड़, झुंड, कक्षा
उत्तर-3. कारवाँ
उत्तर-4. गट्ठर
उत्तर-5. फूलों के लिए

**गृहकार्य** :- बच्चो! आप इन सभी 12 समूहवाची शब्दों को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद करेंगे।

धन्यवाद!

Last Page.